कार्यालय प्राचार्य

शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

क्रमांकः /2000/2022 रायपुर, दिनांक 15/10/2022

बी.एस–सी./बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु निर्देश

राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वशासी महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर CBCS आधारित पाठ्यक्रम सत्र 2022–23 से लागू की गई है। इसी तारतम्य में शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर में बी.एस–सी. एवं बी.सी.ए. दोनों कक्षाओं मे सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई है। सेमेस्टर पाठ्यक्रम की परीक्षा प्रणाली सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा पर आधारित है। प्रत्येक विषय के सैद्धांतिक प्रश्न पत्र के अतिरिक्त 02 आन्तरिक मूल्यॉकन परीक्षा समय सारिणी के अनुसार आयोजित की जाएगी। आयोजित किये जाने वाले आन्तरिक मूल्यॉकन परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है।

अ. प्रश्न पत्र के संबंध में –

1. प्रत्येक विषय का आन्तरिक मूल्यॉकन परीक्षा समय सारिणी में निर्धारित तिथि एवं समय पर सम्पन्न होगें ।
2. प्रत्येक प्रश्न पत्र के अधिकतम अंक 10 या 15 होंगे। जिसमें वस्तुनिष्ठ प्रश्न, लधुउत्तरीय प्रश्न तथा दीर्ध उत्तरीय प्रश्न होंगे।

ब. उत्तरपुस्तिका के संबंध में –

1. आन्तरिक मूल्यॉकन परीक्षा के लिए विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका स्वयं तैयार करेंगे। जिसमें कम से कम 05 पन्ने होने चाहिए। जहा तक संभव हो A4 साइज के पेपर का उपयोग करें।
2. उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर निम्न लिखित जानकारी स्वयं लिखेंगे।
   कक्षा रोल नं. ———————— नाम ———————— सेक्शन ————————————
   विषय ————————— दिनांक —————————— स्वयं के हस्ताक्षर ————————
3. उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के लिए वेबसाइट में दिए गये प्रारूप का उपयोग भी कर सकते है।

15.10.22

परीक्षा नियंत्रक

प्राचार्य
15.10.22